>

Title: Need to establish AIIMS in Western Uttar Pradesh-Laid.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): उत्तर प्रदेश राज्य भारत देश के बड़े प्रदेशों में से एक है मैं सरकार का ध्यान पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता की ओर ले जाना चाहता हूं । पश्चिम उत्तर प्रदेश एक विशाल संख्या का क्षेत्र है । कैंसर रोग के बढ़ते व अन्य गंभीर बीमारी के चलते लगभग हजारों मरीज प्रतिदिन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में इलाज कराने के लिए जाते हैं । अधिक दूरी होने के कारण काफी मरीज रास्ते में हिम्मत हार जाते हैं । सरकार द्वारा 16वीं लोक सभा में भी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के लिए विभिन्न राज्यों में कार्य किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है ।

मेरी सरकार से मांग है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश की इस मुख्य समस्या को देखते हुए यहां भी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान स्वीकृत कराया जाए ।